वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 50 शुक्रवार 14 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### शहीद जीतराम गुर्जर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रमः हमारी सरकार जो कहती है, वो करती है-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

# राजस्थान की माटी में उपजा वीरता का बीज

## मुख्यमंत्री ने 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन (सिकरी) का किया लोकार्पण

जयपुर. शाबाश इंडिया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान वीरों की धरती है और यहां के वीर सपूतों ने देश की सुरक्षा में अग्रणी रहकर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर किया है। हमारे लिए मातृभूमि की रक्षा ही सबसे बड़ा धर्म और जन्मभूमि ही स्वर्ग से बढ़कर है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किये गए शहीदों के बलिदान आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। शर्मा गुरूवार को डीग के सुंदरावली में शहीद जीतराम गुर्जर के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम एवं किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलवामा में हुए हमले का भारतीय सेना के सैनिकों ने मुंहतोड़ जबाव दिया था। जबकि प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकार ने शहीद वीरांगनाओं और उनके परिवार के साथ अपमानजनक व्यवहार किया। वहीं हमारी सरकार शहीद के परिवारों की हरसंभव मदद के लिए तैयार है तथा शहीदों के सम्मान के लिए उनके नाम पर अस्पताल, विद्यालय आदि संस्थानों का नामकरण किया जायेगा। साथ ही उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि शहीद जीतराम राजकीय महाविद्यालय, नगर के नामकरण में भी सुधार किया जायेगा। **किसान हित के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी केन्द्र एवं राज्य सरकार किसान एवं गरीब वर्ग के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में पदभार ग्रहण करते ही सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने का काम किया है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना के तहत राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये की गई है।



# उच्च शिक्षा के उन्नयन पर हुई चर्चाः राज्यपाल से उपमुख्यमंत्री ने की मुलाकात



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मुलाकात की। इस दौरान उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर और प्रदेश में उच्च शिक्षा के उन्नयन पर चर्चा हुई। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# भव्य जैनेश्वरी दीक्षा से पूर्व सीकर आगमन पर नव दीक्षार्थी की जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

## जैन भवन में आयोजित हुआ अनुमोदना कार्यक्रम



**सीकर. शाबाश इंडिया**

सुजानगढ़ जैन समाज के वरिष्ठ , धर्म रत्नाकर पारसमल पांड्या की आचार्य श्री 108 चेत्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा 19 जून 2024 वार बुधवार को सुजानगढ़ में होने जा रही है ।इस खबर से सुजानगढ़ के साथ सीकर व आस पास के सभी जैन समाज में हर्ष का माहौल है ।विवेक पाटोदी ने बताया कि गुरुवार को उनके सीकर आगमन पर सीकर के काला परिवार दांता वाले के साथ समस्त जैन समाज ने नव दीक्षार्थी की छोलभराई की। महिलाओं द्वारा इस अवसर पर भजन व विनतियां गाई गई। समाज द्वारा अनुमोदना व्यक्त की गई। दीपचंद काला दांता वाले ने बताया कि नव दीक्षार्थी को शोभायात्रा द्वारा गाजे बाजे के साथ बजाज रोड स्थित जैन भवन से दीवान जी की नसियां लाया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में सीकर समाज के लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर दांता वाले परिवार से दीपचंद सुशील कुमार अनिल कुमार जुगल किशोर नरेश कुमार काला सहित अन्य समाज के विभिन्न परिवारों द्वारा नव दीक्षार्थी की छोल भराई की गई।

# नीमेडा ग्राम में आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनि श्री समत्व सागर महाराज ससंघ का हुआ भव्य मंगल प्रवेश



## मनुष्य को सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए संकल्प, विकल्प से दूर रहना चाहिए : मुनि समत्व सागर महाराज

**फागी. शाबाश इंडिया**

फागी परिक्षेत्र के नीमडा ग्राम में आज आचार्य 108 श्री विशुद्व सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनि समत्व सागर महाराज एवं मुनि शील सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ, कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त संघ सहारनपुर से भीलवाड़ा, केकड़ी, मालपुरा, डिग्गी, चोसला होता हुआ आज नीमेडा ग्राम की सीमा पर पहुंचा जहां पर सकल जैन समाज नीमेडा ने संघ की बैंड बाजों से जयकारों के साथ भव्य आगवानी की तथा पादप्रक्षालन कर आरती करके संत निवास में ठहराया इसी कड़ी में फागी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा की अगुवाई में सकल जैन समाज फागी के श्रृद्धालुओं ने नीमेडा के जैन संत निवास में जाकर फागी में पावन चातुर्मास 2024 हेतु उक्त मुनि संघ को श्रीफल भेंट कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया, कार्यक्रम में मुनि समत्व सागर जी महाराज ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए संकल्प विकल्प से दूर रहना चाहिए, मनुष्य स्वाध्याय में जितना लीन रहेगा उतने ही परिणाम अच्छे होंगे, आजकल हर मानव मोबाइल में लीन हैं जिससे नेतिकता की जगह भोग-विलास एवं पापाचार में लिप्त होता जा रहा है अतः जैन संस्कृति में गुरुओं से शिक्षा ग्रहण कर जीवन सफल बनाएं , ज्ञात हो कि उक्त संघ कल प्रातः फागी कस्बे में भव्य मंगल प्रवेश करेगा जहां पर सारा सकल जैन समाज फागी संघ की जयकारों के साथ भव्य आगवानी करेगा ।कार्यक्रम में संघ के संघपति भंवरलाल जैन कीर्ति नगर, गजेन्द्र पाटनी, विमल कुमार गोयल लावा, अभय कुमार पाटनी बापू नगर, रुपचंद सेठी, अरविंद सेठी,टीकम बज, एडवोकेट राजेंद्र बज, पवन बज, नीमेडा, तथा अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा, पंडित संतोष बजाज,फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, मंदिर समिति के मंत्री कमलेश चोधरी तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी पदाधिकारी गण मोजूद थे।


# निवाई में श्रुतपन्चमी महोत्सव के चलते जिनवाणी माता की गाजे बाजे से शोभायात्रा निकाली



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन पाठशाला एवं आचार्य श्री शांति सागर पाठशाला के बच्चों द्वारा जिनवाणी दिवस श्रुत पंचमी महामहोत्सव के उपलक्ष में जिनवाणी शोभा यात्रा निकाली गई। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि श्रुतपन्चमी महोत्सव के चलते जिनवाणी की शोभायात्रा श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से निकालकर गाजे बाजे के साथ अहिंसा सर्किल से भगवान महावीर मार्ग होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर पहुंची जहां आचार्य श्री शान्तिसागर पाठशाला एवं श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन पाठशाला के बालक बालिकाओं ने जिनवाणी माता के जयधोष के साथ शोभायात्रा में महिलाओं ने सिर पर जिनवाणी माता को धारण करके श्रुतपन्चमी महोत्सव मनाया। इस दौरान शोभायात्रा में शशी सोगानी शकुंतला छाबड़ा हेमा बनेठा मीनाक्षी भाणजा मुन्नी देवी भाणजा अन्तिमा जैन सुनीता बड़ागांव सीमा जैन माया जैन शशी सांवलिया अनिता गोयल सुमन जैन त्रिशला जैन सहित कई महिलाओं ने जिनवाणी को धारण किया। इस अवसर पर श्रुतपन्चमी महोत्सव में महिला मण्डल की अध्यक्ष शशी सोगानी ने कहा कि श्रुतपन्चमी ज्ञान की आराधना का महापर्व है।

# श्री दिगम्बर जैन मन्दिर पार्श्वनाथ जी सोनियान, खवासजी का रास्ता, जयपुर में मुनि श्री महिमा सागरजी महाराज ससंघ मंगल प्रवेश 14 जून को



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य 108 आचार्य देशभूषणजी महाराज की परंपरा के अनुयायी और आचार्य श्री 108 वरदत्त सागरजी महाराज के प्रिय शिष्य 108 श्री महिमा सागरजी महाराज ससंघ का शुक्रवार दिनांक 14.06.2024 को प्रातः 6.00 बजे पारसनाथ भवन, नाटाणियो का रास्ता, जयपुर से मंगल विहार कर श्री दिगम्बर जैन मन्दिर पार्श्वनाथजी सोनियान, खवासजी का रास्ता, जयपुर में मंगल, प्रवेश होगा। सभी साधर्मी श्रावक बंधुओं से अनुरोध है कि मंगल विहार व मंगल प्रवेश कार्यक्रम में अधिक से अधिक सम्मिलित होकर धर्म प्रभावना कर धर्मलाभ अर्जित करें।

# आचार्यश्री विद्याभूषण सन्मतिसागर अवार्ड समारोह 23 जून को दिल्ली में होगा

## राज्यसभा सांसद नवीन जैन एवम पवन जैन होगें मुख्य अथिति

मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया

नई दिल्ली। आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मति सागर अवार्ड समारोह 23 जून को दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है । स्यादवाद इम्पैक्स प्रा. लि. दिल्ली के डायरेक्टर एवम सन्मति फाउंडेशन के संस्थापक महेंद्र जैन मधुवन दिल्ली द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिगंबर जैसवाल जैन उपरोचियां समाज के प्रतिभावान एवम होनहार बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु सन्मति फाउंडेशन का AWARD OF EXCELLENCE कार्यक्रम रविवार 23 जून को आर्चिड ग्रैंड कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन दिल्ली में समारोह पूर्वक आयोजित होने जा रहा है । उक्त आयोजन में अखिल भारतवर्षीय जैसवाल जैन उपरोचियां समाज के कक्षा 10 एवम कक्षा 12 के टॉपर 3 - 3 छात्र -छात्राओं को आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मति सागर अवार्ड से सम्मानित किया जाता है । इस वर्ष आयोजित अवार्ड समारोह में 6 टॉपर बच्चों को नगद धनराशि के साथ साथ प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह आदि प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही दिल्ली एनसीआर के कुछ बच्चों को भी उत्कृष्टता के आधार पर अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। सन्मति फाउंडेसन के अध्यक्ष अनिलकुमार जैन एवम महामंत्री नबीनकुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर अवार्ड समारोह में संरक्षक ट्रस्टी महेंद्र जैन मधुवन एवम अशोककुमार जैन वर्धमान जनरेटर दिल्ली को विशेष बहुमान दिया जाएगा ।समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माननीय नवीन जैन (पीएनसी) आगरा एवम पवन जैन पीएस होटल शिवपुरी होगें । छात्र छात्राओं को अवार्ड की राशि राजेंद्र कुमार जैन नोएडा एवम अनिलकुमार जैन नोएडा द्वारा प्रदान की जाएगी।



# "संस्कारों का बीजारोपण" शिविर का आयोजन



**नोगामा बांसबाड़ा. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्त्वाधान मे तथा 'गुरु उपकार महोत्सव के रूप में' आयोजित सम्यक ज्ञान शिक्षण शिविर का श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नोगामा बांसबाड़ा मे आयोजन किया गया है। क्षेत्रीय प्रभारी के रूप मे विद्वान अंकेश शास्त्री का निर्देशन रहा है।जिसमें सांगानेर से पधारे विद्वान दीपेश शास्त्री भगवां तथा विद्वान पीयूष शास्त्री का सानिध्य प्राप्त हुआ है। शिविर का आयोजन 08/06/2024 से 17/06/24 तक किया जा है। ।शिविर में जैन धर्म की शिक्षा के साथ-साथ 'संस्कारो का बीजारोपण' भी किया जाता है। शिविर में 5 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के सभी वर्ग के व्यक्ति भाग ले रहे हैं। जिसमें भैया जी द्वारा सुबह से अभिषेक, शांतिधारा कराया जाता है। तत्पश्चात बच्चों की कक्षा तथा स्वल्पाहार कराया जाता है। सायंकालीन क्रार्यक्रमों में पहले आरती, फिर बालबोध प्रथम तथा द्वितीय की कक्षा होती है। तत्पश्चात 8:00 बजे से रत्नकरण्डक श्रावकाचार का स्वाध्याय होता है, साथ ही साथ सांस्कृतिक क्रार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता हैं।इसप्रकार से शिविर की रूपरेखा रखी गयी है। जिसमे पूर्ण रूप से सहयोग सकल समाज का रहा ,युवा वर्ग और महिला वर्ग का भी सहयोग रहा।

# दिगंबर जैन महासमिति का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ





जयपुर. शाबाश इंडिया

दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल एवं महिला अंचल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन संस्कार शिक्षण शिविर प्रतापनगर सेक्टर 8 के विशाल संत भवन में पुरस्कार एव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारम्भ छोटे छोटे बच्चों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। बाबू लाल जैन ईटून्दा इकाई के मंत्री ने बताया कि इस समारोह में राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, महासचिव महावीर बाकलीवाल , कार्याध्यक्ष डॉ णमोकार जैन शिविर के मुख्य संयोजक डॉ भाग चंद जैन , सांगानेर संभाग के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन मलैया, जिनेन्द्र गंगवाल जीतू की सम्माननीय उपस्थिति रही। इकाई के अध्यक्ष महेंद्र कुमार प्राना वालों ने बताया कि इस शिविर में कुल पांच कक्षाएं संचालित हुई जिसमें 97 बच्चो ने परीक्षा में भाग लिया। सभी कक्षाओं के प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और शेष बच्चों को सांत्वना पुरस्कार वितरण किए गए। सांगानेर संभाग के संगठन मंत्री महेश कुमार सेठी ने बताया कि इस शिविर में अपनी सबसे बड़ी भूमिका अदा करने वाले समस्त शिक्षकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। अंत में आंचलिक अध्यक्ष ने बताया कि ये संस्कार शिविर लगाना हम सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।इससे हमारी समाज की संस्कृति की सुरक्षा संभव हो सकेगी। श्रावकाचार वर्ष 2024के उपलक्ष्य में इस इकाई द्वारा 100से अधिक संकल्प पत्र भरवाए गए। अतः इस इकाई के समस्त पदाधिकारियों एवं मंदिर के पदाधिकारियों को बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया, इस अवसर पर इकाई के पूर्व अध्यक्ष रमेश जैन आवा, शिविर प्रभारी मनीष जैन टोरडी सहित शिविर की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## वेद ज्ञान

# जीवन के नए-नए मार्ग...

मूल्यांकन की इच्छा मानव में निरंतर उपजती रहती है। अनजान व्यक्ति से मिलने पर क्षणभर में पूर्ण जीवन कथा जानने की छटपटाहट बड़ा संकट उत्पन्न करती है। सामने वाले को तत्काल प्रभाव में लेने की शीघ्रता समस्या बढ़ाती है। किसी से पलक झपकते ही सर्वस्व ज्ञात करने का सूत्र अभी तक ज्ञात नहीं है। जिसे जिस क्षेत्र का कोई ज्ञान नहीं रहता वह उसी क्षेत्र का यक्ष प्रश्न करता है। शिक्षा संस्थाओं में विषय अनिवार्यता के अलावा अनेक क्षेत्र में धनोपार्जन करने के लिए नए-नए मार्ग खोजे गए हैं। परिश्रमी की भीड़ से अलग सफलता का सार्थक मानदंड खोजने वाले नियम परिवर्तन में विश्वास रखते हैं। समान योग्यता वालों में किसी को सेवा का अवसर मिलने पर ऊंचाई का शिखर मिलते देर नहीं लगती। द्वार से भगाए गए तुलसी की भांति गुरु नरहरिदास की खोज में जीवन गुजर जाता है। वरदानदाता के लिए पैर पकड़कर पीछे खींचने वाले भस्मासुर बन जाते हैं। अपनी सीमा से अधिक कोई पचाना नहीं जानता। समय की आंच में तपकर निखरना सामान्य व्यक्ति के बस की बात नहीं है। पग-पग पर प्रतिकूलता से जूझने वाले लोहा लेते-लेते पारस पत्थर बन जाते हैं। कोयला अधिक ताप के दबाव में हीरा बनकर गौरवान्वित होता है। संकट सहते-सहते सामान्य मनुष्य महापुरुष बन जाता है। प्रशंसा का प्रोत्साहन कृतज्ञता बढ़ाता है। कृतज्ञता योग्यता पहचानने का तत्व है। उगते सूर्य को सभी प्रणाम करते हैं, पर अस्ताचल में जाते सूर्य को छठ पर्व में ही अर्घ्य चढ़ता है। पद का संबंध योग्यता से है। योग्य के स्थान पर अयोग्य को पद थोपकर योग्यता बढ़ाई जाती है। पद को भगवान बनाने के कारण अहंकार में वृद्धि होती है। प्रयास के बगैर प्राप्त फल अकर्मण्यता का पोषक है। अयोग्यता स्वयं से श्रेष्ठ को नकारती है। हाथी की पग-पग पर पूजा ही श्वान का दुख बढ़ाती है। दुर्जन सज्जनता को कायरता मानते हैं। सज्जन निश्छल परिश्रम में जीते हैं। प्रश्न पर अतार्किक प्रश्न करना मूर्खता का प्रतीक है। हर बात में प्रश्न अर्थ का अनर्थ करता है। भरत चित्रकूट में कहते हैं, 'योग्यता के अनुसार मुझे शिक्षा दी जाए।' योग्यता का अर्थ धन, पद नहीं, बल्कि त्याग है। औषधि की चर्चा नहीं, बल्कि औषधि रोगी के लिए उपयोगी है।

## संपादकीय

# एनटीए के कामकाज और उसकी साख पर सवाल

चिकित्सा विज्ञान के स्नातक पाठ्यक्रम के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा यानी नीट में धांधली के आरोपों को सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। उसने राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए से इस मामले से जुड़े सवालों का जवाब देने को कहा है। दरअसल, इस बार की नीट परीक्षा के नतीजों में कई तरह की विसंगतियां देखी गई हैं। जब परीक्षा ली गई, तब बिहार और राजस्थान के कुछ केंद्रों पर गलत पर्चे बांट



दिए गए थे। बाद में उन्हें दुरुस्त कर दिया गया। तब विद्यार्थियों ने आरोप लगाया था कि पर्चाफोड़ हुआ है, परीक्षा रद्द कर दुबारा कराई जानी चाहिए। लेकिन एनटीए ने इससे इनकार कर दिया। उसका कहना है कि तकनीकी गड़बड़ी की वजह से गलत पर्चा बंट गया था। फिर नतीजे तय तिथि से दस दिन पहले ही घोषित कर दिए गए। नतीजों में सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले हैं। यह पहली बार हुआ है। एनटीए का कहना है कि जिन विद्यार्थियों को देर से पर्चे मिले, उन्हें समय की हानि होने के चलते कृपांक दिए गए। उसका क्या आधार है, यह भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि एनटीए अब भी अपनी बात पर कायम है कि पचाफोड़ नहीं हुआ और न गलत तरीके से किसी विद्यार्थी को अंक दिए गए। परीक्षा में पूरी तरह पारदर्शिता और शुचिता बरती गई है। उसका यह तर्क सर्वोच्च न्यायालय के सामने सही ठहर पाता है या नहीं, देखने की बात है। एनटीए ने कृपांक की शिकायतों के समाधान के लिए एक जांच समिति गठित कर दी है, लेकिन उस पर विद्यार्थियों को भरोसा नहीं है। दरअसल, चिकित्सा पाठ्यक्रमों के दाखिले में धांधली की शिकायतें पुरानी हैं। उन शिकायतों को दूर करने के मकसद से ही एनटीए के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय किया गया था। एनटीए की बनाई गई व्यवस्था के तहत नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र देश के सभी केंद्रों पर एक साथ विद्यार्थियों को मिलते हैं। उनमें किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश कम रहने का दावा किया जाता है। फिर भी, जिस तरह एनटीए की दूसरी परीक्षाओं में पर्चे बाहर निकल गए और कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं, उससे नीट को लेकर भी आशंका गहरी हुई है। एनटीए को बहुत भरोसेमंद और चाक-चौबंद संस्था माना जाता है, अगर उसकी परीक्षाओं में भी धांधली के आरोप लग रहे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे उसकी साख पर सवाल उठते हैं। पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे बाहर होने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। न केवल छोटे सरकारी पदों के लिए, बल्कि राज्यों के लोकसेवा आयोगों की परीक्षाओं के भी पर्चे बाहर होने की घटनाएं हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं इसीलिए रद्द करनी पड़ीं कि उनके पर्चे परीक्षा से पहले ही बाहर निकल चुके थे। इसे लेकर पहले उत्तराखंड सरकार ने कड़े कानून बनाए, फिर केंद्र सरकार ने भी कानून बनाने की घोषणा की। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सुरक्षा को खतरा

रियासी के बाद जम्मू संभाग के कठुआ और डोडा में आतंकी हमले गंभीर चिंता का कारण बनने चाहिएं। ये हमले यही बता रहे हैं कि आतंकी बेलगाम होते जा रहे हैं और वे जम्मू क्षेत्र में वैसे ही हालात पैदा कर रहे हैं, जैसे एक समय उन्होंने दक्षिण कश्मीर में कर दिए थे। इस नतीजे पर पहुंचने के पर्याप्त कारण हैं कि आतंकियों ने कश्मीर के बजाय जम्मू के उन इलाकों को अपने निशाने पर ले लिया है, जो पाकिस्तान की सीमा से सटे हुए हैं। यह सामान्य बात नहीं कि आतंकियों का दुस्साहस इतना अधिक बढ़ जाए कि वे 60 घंटे के अंदर तीन जगहों पर हमले करने में समर्थ रहें। उन्होंने न केवल निर्दोष-निहत्थे लोगों को निशाना बनाया, बल्कि सुरक्षाकर्मियों को भी। उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करनी होगी। ऐसी किसी कार्रवाई के ठोस नतीजे तब हासिल होंगे, जब पाकिस्तान को भी सबक सिखाया जाएगा, क्योंकि इसमें संदेह नहीं कि उसकी शह पर ही जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ रही हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि दो आतंकियों को मार गिराया गया, क्योंकि यह साफ है कि जम्मू के विभिन्न इलाकों में पाकिस्तान से आए अनेक आतंकी छिपे हुए हैं। चिंता की बात केवल यह नहीं है कि जम्मू में आतंकियों की सक्रियता बढ़ रही है, बल्कि यह भी है कि देश-विदेश में भारत विरोधी तत्वों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। एक ओर जहां पंजाब में खालिस्तान समर्थक नए सिरे से सिर उठा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, इटली आदि में भी। भारतीय प्रधानमंत्री की इटली यात्रा के पूर्व वहां खालिस्तान समर्थकों ने गांधीजी की प्रतिमा को जिस तरह खंडित किया, वह एक तरह से अलगाववादी तत्वों की ओर से भारत को दी जाने वाली सीधी चुनौती है। भारत सरकार को पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर में और अधिक सतर्कता बरतने के साथ उन देशों से भी दो टूक बात करनी होगी, जहां खालिस्तान



समर्थक बेलगाम हो रहे हैं। भारत सरकार इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकती कि लोकसभा चुनाव के पहले सार्वजनिक स्थलों पर बम रखे होने की झूठी सूचनाएं देकर दहशत फैलाने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पहले स्कूलों में बम रखे जाने की झूठी सूचनाएं दी गईं, फिर अस्पतालों में। इसके बाद विमानों में और अब संग्रहालयों में। चिंताजनक यह है कि ऐसी झूठी सूचनाएं देकर सुरक्षा एजेंसियों का सिरदर्द बढ़ाने वाले तत्वों की पहचान नहीं हो रही है। माना जाता है कि ऐसे तत्व दूसरे देशों में छिपे हुए हैं। सच जो भी हो, भारत सरकार को आंतरिक सुरक्षा पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। इसलिए और भी अधिक, क्योंकि हाल के लोकसभा चुनावों में कश्मीर और पंजाब में कई ऐसे अलगाववादी तत्व चुनाव जीतने में समर्थ रहे हैं, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं।

# ज्ञान व संस्कार ही श्रेष्ठ भविष्य के आधार: आचार्य अरुण सागर महाराज

## जेस, VMSS, सखी फरीदाबाद ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**फरीदाबाद. शाबाश इंडिया**




सेक्टर 88 स्थित आराध्य धाम जिन मंदिर में जैन इंजिनयर्स सोसाइटी, वर्धमान महावीर सेवा सोसाइटी, संस्था सखी व आराध्य धाम परिवार द्वारा इंटरमीडिएट व हाई स्कूल परीक्षा में 85-90%अंक लाने वाले होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके श्रेष्ठ, सफल भविष्य हेतु प्रेरक सन्देश आचार्य अरुण सागर महाराज द्वारा प्रदान किये गये.उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि पढ़लिख कर धनार्जन के साथ साथ आप सभी श्रेष्ठ संस्कार सीखें व अपने कार्यों से समाज के वंचित वर्ग को सहयोग दें. सेवा, अनुराग व सहयोग के भाव विकसित करें। सी. बी. एस. ई. व अन्य बोर्ड के परीक्षा परिणाम आने पर सफल बच्चों के परिवार व स्वजनों के मन में हर्ष था। इन बच्चों को श्रेष्ठ मंच से सम्मनित करने के लिए जैन इंजिनयर्स सोसाइटी, वर्धमान महावीर सेवा सोसाइटी, संस्था सखी के इंजिनियर अरुण कुमार जैन, डॉ सुभाष जैन, सुरेंद्र जैन व धीरज जैन ने पहलकर, आराध्य धाम प्रणेता आचार्य अरुण सागर महाराज जी के सानिध्य में एक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 30 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 10 वीं की परीक्षा में 90%से अधिक व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 85%से अधिक अंक प्राप्त किये। इनमें 96% अंक पाने वाली स्वर्णना जैन व अविशी जैन, 95% अंक पाने वाली श्रेया जैन आदि 18 बच्चे 12 वीं कक्षा में सफलता पाने वाले थे व 10 वीं की परीक्षा में अनय जैन (98.6%)काश्वी जैन, वंश जैन, निर्जरा जैन, गरिमा जैन (97%),तमन्ना जैन, अरहम जैन (96.6%)आदि 32बच्चों ने सम्मान प्राप्त किया। जैस व वर्धमान महावीर सेवा सोसाइटी के संरक्षक डॉ सुभाष जैन ने सभी बच्चों को प्रेरक उपहार दिए, आचार्य श्री जी ने सभी को प्रमाण पत्र दे आशीर्वाद प्रदान किये. इंजिनियर डी. के. जैन ने अपनी टीम के साथ बच्चों को तिलक लगाया व मनोज जैन, धीरज जैन,सुरेंद्र जैन, इंजिनियर अभिनव जैन ने अंग वस्त्र प्रदान किये। संस्था सखी की श्रीमती रेखा जैन ने सभी के प्रेरणा स्रोत व भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालक इंजिनियर अरुण जैन अध्यक्ष जेस ने किया। सम्मान के समय बच्चों के साथ उनके माता, पिता, दादा, दादी भी उपस्थित रहे, जिसमे कार्यक्रम और अधिक ऊजार्वान रहा। कार्यक्रम में नगर की विशिष्ट बिभूतियाँ थीं जिनमें डॉ, इंजिनियर, सी. ए., उद्योगपति, समाज सेवी व सेवाभावी नागरिक थे।






# शास्त्रि परिषद के अध्यक्ष पद पर पुनः डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत निर्विरोध चुने गए

## लगातार पांचवी बार बने अध्यक्ष

**केशोरायपाटन. शाबाश इंडिया**

अतिशय क्षेत्र केशोरायपाटन जिला बूंदी राजस्थान में गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माता जी के ससंघ के सान्निध्य में आयोजित अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन शास्त्रि-परिषद के अधिवेशन में अध्यक्ष पद पर ओजस्वी एवं प्रखर वक्ता, अध्यात्म, न्याय एवं दर्शन के मूर्धन्य विद्वान, शास्त्री परिषद के उन्नयन में तन-मन-धन से अहर्निश निमग्न डॉ. श्रेयास कुमार जैन जी बड़ौत निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुने गए हैं। 8 जून को रात्रि में आयोजित परिषद की कार्यकारणी में सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद 9 जून को आयोजित खुले अधिवेशन में उपस्थित सभी सदस्यों ने भी अपनी सहमति जताई। वे लगातार पांचवी बार परिषद के अध्यक्ष बने हैं। अध्यक्ष बनने पर उपस्थित विद्वानों, क्षेत्र कमेटी ने उनका भावभीना अभिनंदन किया। विद्वानों ने कोटिशः बधाइयां एवं आपके मंगलमय जीवन हेतु अनंत शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर डॉ श्रेयांस कुमार जी जैन ने कहा कि जैन विद्वानों की प्रमुख संस्था अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि परिषद में देश के मूर्धन्य विद्वानों ने महनीय योगदान दिया है और उन विद्वानों की परंपरा में इस संस्था का कार्य करने का सौभाग्य मिला है। यह संस्था आर्षमार्गीय संस्था है। चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज से लेकर वर्तमान तक सभी आचार्यों, मुनिराजों का आशीर्वाद प्राप्त है। जैन संस्कृति तथा जैन आगम की संस्था होने से मैं इसका दायित्व पूर्ण समर्पण भाव से निभाउंगा।



**-डॉ सुनील जैन संचय, ललितपुर**
**प्रचारमंत्री-शास्त्रि परिषद**

## स्वर मीमांसा मोहन वीणा वादन शुक्रवार को




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रंगशिल्प एवं भवनम सुरुचि केंद्र की ओर से शुक्रवार को विद्याश्रम में स्वर मीमांसा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रंगशिल्प के सचिव राजेंद्र शर्मा ने बताया कि ''स्वर मीमांसा'' कार्यक्रम के तहत पं. आलोक भट्ट मोहन वीणा वादन करेंगे। उनके साथ तबले पर महेंद्र शंकर डांगी संगत करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व रंगकमी ईश्वर दत्त माथुर पं. आलोक भट्ट से सार्थक संवाद कर उनके संगीत जीवन पर चर्चा करेंगे।

## जीवन में सफलता के लिए सहनशीलता जरूरी : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय नगर से . 7 जयपुर में विराजमान धर्म की महती प्रभावना कर रही है। माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा सम्पन्न हुई। तत्पश्चात गुरु पूजन का कार्यक्रम भक्तों के द्वारा आयोजित किया गया। पूज्य माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - हमें अगर जीवन में सफलता प्राप्त करना है तो सहनशीलता को धारण करना होगा। जैसे एक पत्थर को मूर्ति बनने के लिए शिल्पी के छैनी हथौड़े की मार खानी पड़ती है अगर वो टूट जाये तो टाइल्स बनके रह जाती है।

## पोदार जंबो किड्स, सी स्कीम ने विधायकपुरी पुलिस स्टेशन के साथ मिलकर बनाया राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बुधवार 12 जून 2024 को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर पोदार जंबो किड्स प्लेटिनम सी स्कीम, जयपुर शाखा के बच्चों तथा स्टाफ ने विधायकपुरी पुलिस स्टेशन में आयोजित हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर विधायकपुरी पुलिस स्टेशन के रत्नड शेषकरण चारण, पोदार जंबो किड्स प्लेटिनम स्कूल की प्रधानाध्यापिका मेघा त्यागी, एडमिन ऑफिसर धीरेंद्र शर्मा के साथ स्कूल के बच्चे तथा अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे। थाना इंचार्ज ने बच्चों को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के बारे में बताया और इसके अलावा थाने में होने वाले कार्यों तथा विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी अवगत करवाया। बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा थाने में आयोजित विभिन्न तरह की एक्टिविटीज कलरिंग, गेम्स में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर विधायकपुरी थाना परिसर में पौधरोपण का कार्य भी किया। स्कूल के चेयरमैन ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है और पोदार स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम में बच्चे हिस्सा लेते रहते है।

# डायबिटीज क्या लाइलाज है?






डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिससे दुनियाभर में लाखों लोग परेशान हैं। ये असल में एक मेटाबोलिक सिंड्रोम है जिसमें शरीर शुगर पचाना बंद कर देता है और इस तरह से जो भी आप खाते हैं, उससे निकलने वाला शुगर एंनर्जी के रूप में कंवर्ट होने की जगह सीधे खून में जाकर मिल जाता है। फिर ये शरीर के दूसरे अंगों को धीमे-धीमे प्रभावित करता है और समय के साथ ये कई बीमारियों का कारण बन जाता है। ऐसे में सबसे जरूरी है शुगर पचाने की गति को तेज करना जिस काम में चक्रफूल आपकी मदद कर सकता है। तो, आइए जानते हैं डायबिटीज में चक्रफूल के फायदे।

## डायबिटीज में चक्रफूल कैसे फायदेमंद है?

डायबिटीज में चक्रफूल कई कारणों से फायदेमंद है। जिसमें से सबसे बड़ा कारण है इसमें पाया जाने वाला एनेथोल कंपाउंड जो कि बेहद कारगर तरीके से काम करता है। ये कार्बोहाइड्रेट को पचाने और इसके शुगर कंपाउंड के मेटाबोलिज्म को तेज करने में मददगार है। इसके अलावा ये खून में ग्लूकोज के लेवल को कंट्रोल करने में मददगार है। इंसुलिन प्रोडक्शन को बढ़ाता है, चक्रफूल का सेवन, इंसुलिन बढ़ाने में मदद करता है। ये शुगर पचाने में तेजी लाता है और इंसुलिन के प्रति शरीर की रिएक्टिविटी को भी बढ़ाता है। इससे शुगर तेजी से पचता है और आप इसके कई लक्षणों से बचे रह सकते हैं। तो, इन तमाम कारणों से आपको डायबिटीज में चक्रफूल का सेवन करना चाहिए।

## डायबिटीज में कैसे करें चक्रफूल का सेवन

डायबिटीज में आप चक्रफूल का सेवन कई प्रकार से कर सकते हैं। लेकिन, सबसे कारगर तरीका है कि आप रोजना सुबह अपनी चाय में चक्रफूल को शामिल करें। कोशिश करें कि इसे अपनी दूध वाली चाय में नहीं बल्कि, लेमन टी में शामिल करें। इसके अलावा आप चक्रफूल को कूटकर और इसे पानी में उबालकर इसका सेवन कर सकते हैं। ये भी डायबिटीज में कारगर तरीके से काम करता है।

**-डा पीयूष त्रिवेदी आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी राजस्थान विधान सभा जयपुर।**



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर विद्या पैलेस इंदौर का 5वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर विद्या पैलेस का 5वा स्थापना दिवस धूम धाम से आर्यिका श्री सोहार्दमति माताजी ससंघ के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर गणिनी आर्यिका माताजी ने कहा कि स्थापना दिवस मनाना उस पवित्र भावना और उद्देश को याद करना है जिस के साथ मंदिर निर्माण किया गया था और उसी को लेकर निरंतर धर्म प्रभावना और आत्म कल्याण में आगे बढ़ना चाहिए। विद्या पैलेस समाज ने आर्यिका संघ को चातुर्मास के लिए भी श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर ध्वजारोहण का सौभाग्य नंदलालजी अजमेरा ने लिया। मूलनायक श्री पार्श्वनाथ भगवान के प्रथम अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य राहुल, यश, अंकुर ने लिया। द्वितीय अभिषेक और शांतिधारा डॉक्टर राकेश जैन ने किया। साथ में दिलीप डोसी, निश्चल कासलीवाल और प्रेमचंद ने भगवान विराजमान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। साथ में मयंक मयूर , मुकेश , कौशल , शीतल बक्शी, पवन प्रांशु, कैलाश, यश ने भी चल प्रतिमाओं पर शांतिधारा का लाभ लिया। निदेशन पारस पंडित ने किया। मंच संचालन अर्पित ने किया। आभार मुकेश और मयंक ने माना।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...

**आँख में पड़ा तिनका, पैर में लगा काँटा..**
**रूई में दबी आग और मन में छुपा पाप बहुत भयानक है..!**



मन का स्वभाव है कि वह नया माँगता है। मन सदा नया नया चाहता है। वह पुनरूक्ति नहीं माँगता। कुत्ते की तरह मानव मन भटकता है, सूंघता है और आगे बढ़ जाता है। आप भोजन करते हैं। पहले ग्रास में जो आनन्द आता है, वो दूसरे ग्रास में नहीं आता। और जो दूसरे ग्रास में आता है, वो तीसरे में नहीं आता। मन परिवर्तन चाहता है, फिर वो विषय वासना, भोग विलास या खान पान की सामग्री क्यों ना हो। एक पत्नी ने पति से पूछा- ? जब अपनी शादी हुई थी, तब तो आप बडे.प्रशंसनीय नामों से बुलाते थे, जैसे - रस मलाई, मेरी बर्फी, मेरी रबड़ी -- लेकिन अब आप इस नाम से नहीं बुलाते, क्यों- ? पति ने कहा - अरे पगली ! दूध की मिठाई कितने दिन तक ताजी रहेगी। मन नये पदार्थ की तरफ उन्मुख होता है और पर पदार्थ की तरफ जो आकर्षण है, बस वही पाप है। इसलिए आदमी का आधे से ज्यादा जीवन श्री और स्त्री में ही गुजरता है, जहाँ सिर्फ समुद्र का खारा पानी है। पानी तो है पर प्यास का शमन नहीं है। भाग दौड़ तो है पर मन्ज़िल नहीं है। बेखबरी का जीवन तो बहुत जी लिया परन्तु हाथ कुछ भी नहीं लगा सिर्फ अफसोस के। अब बेखबरी का नहीं खबरदारी का जीवन जीना है। मनुष्य जीवन में सफलता तभी मिल सकती है जब हम खुद अपने आप को मर्यादित करें। त्याग मय जीवन जीयें और अपने आपको जीव दया के लिये समर्पित कर दें... !

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# बारां में श्रुत पंचमी पर भव्य आयोजन



**बारां. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन महा समिति महिला संभाग बारां ने मनाया श्रुत पंचमी महान पर्व। संस्था अध्यक्ष चन्द्रकला सेठी ने बताया कि दिनांक 11 जून को जैन धर्म का महा पर्व श्रुत पंचमी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सभी समाज जन के साथ दिगम्बर जैन जोड़ला मंदिर पर मनाया गया। सचिव सरला जैन ने बताया कि सुबह 8 बजे सभी पुरुष सदस्यो द्वारा अभिषेक शांति धारा की गई। तत्पश्चात सभी महिला सदस्यों ने जिनवाणी माता को शीश पर धारण कर जुलुस के रूप में मन्दिर जी से प्रशांत मति हाल पर ढोल नगाड़ों के साथ मन्दिर जी मे विराजमान किया। मीडिया प्रभारी ललिता टोंग्या के अनुसार इसी दिन तीर्थंकर प्रभु की दिव्य ध्वनि लिपि बद्ध कर आचार्य भगवन्तों ने हम श्रावको के ज्ञान के लिए प्रणीत की थी। तभी से धीरे-धीरे दिव्य ध्वनि के द्वारा ताड पत्र,स्वर्ण पत्र,रजत पत्रो पर अति दुर्लभ ग्रन्थों की रचना की गई। आज भी वे विभिन्न ग्रन्थालय में उपलब्ध हैं। आज भी देश,विदेश जिनवाणी की सार सम्भार का कार्य कई दिन पूर्व से हम सब करते रहते है। जिनवाणी को संजोकर रखना हमारा परम कर्तव्य है।

JSG Jain Social Groups International Federation

जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

श्री मनोज-श्रीमती मीतू जैन शाह

सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

14 जून' 24



Happy Anniversary

92146 23100

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

संस्थापक अध्यक्ष : मनीष झांझरी
अध्यक्ष : सुनील सोगानी
सचिव : विशुतोष चाँदवाड
उपाध्यक्ष : अजय बड़जात्या
सह सचिव : महेंद्र जैन
कोषाध्यक्ष : सुकेश काला

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर

# श्रुत पंचमी पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

## जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता में विजेताओं को किया पुरस्कृत



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति बामा संभाग केसर चौराहा जयपुर के द्वारा श्रुत पंचमी पर्व पर वामा संभाग की अध्यक्ष मोना झांझरी की अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें 10 जून को विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई 8 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए जिनागम पर निबंध प्रतियोगिता, 18 वर्ष से ऊपर सभी के लिए जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता एवं श्रुत स्कंध यंत्र चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जयपुर ही नहीं बल्कि बाहर से भी काफी प्रतियोगीयो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मोना झांझरी ने जानकारी देते हुए बताया कि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम दिवित जैन कोटा निवासी, एवं द्वितीय रियांश जैन जयपुर ने प्राप्त किया। जिनवाणी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिद्धि सेठी (जयपुर) एवं द्वितीय स्थान दिल्ली निवासी प्रतिभा सोगानी ने प्राप्त किया। श्रुति स्कंध यंत्र में प्रथम स्थान काजल जैन (जयपुर ) तथा द्वितीय स्थान मोहित जैन (जयपुर )ने प्राप्त किया सभी को पारितोषक प्रदान किया गया। द्वितीय दिवस 11 जून को मां जिनवाणी पूजन एवं श्रुत पंचमी विधान केसरिया पारसनाथ मंदिर जयनगर में आयोजित किया गया इस अवसर पर मंत्री शिवानी बाकलीवाल, उपाध्यक्ष उषा बड़जात्या, कविता कासलीवाल, रंजना पाटनी, सीमा जैन, चंदा जैन, पूनम सेठी, महिला प्रकोष्ठ मंन्त्री मनीषा जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर का पशु-पक्षियों की सेवार्थ कार्यक्रम आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर के द्वारा गर्मी के मौसम में पशु पक्षियों की सेवार्थ एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गर्मी में हम सभी बेहाल है परंतु हम अपनी व्यवस्थाएं स्वयं कर सकते हैं किंतु मूक प्राणियों की देखभाल करने के लिए हमें आगे आना चाहिए इसी भावना को ध्यान में रखते हुए संगिनी फॉरएवर ग्रुप ने आज पिंजरापोल गौशाला जाकर भारतीय संस्कृति की गाय माता को चारा गुड़ खिलाकर पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर एवं विश्व पर्यावरण सुरक्षा हेतु पौधा रोपण करके आज के कार्यक्रम के बारे में ग्रुप अध्यक्ष शकुंतला बिन्दायका ने बताया कि राजस्थान रीजन फेडरेशन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, महासमिति के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र पांड्या, निर्मल संघी, सुनील बज, देवेंद्र कासलीवाल, महावीर बिन्दायका, प्रतीक जैन ऋषभ जैन आदि गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही। श्रीमती सुनीता गंगवाल के द्वारा सभी का स्वागत सम्मान दुपट्टा पहनाकर तिलक लगाकर करवाया गया। अर्चना शीला पुष्पा बीना बबीता सरोज मीना कासलीवाल अलका मीना चांदवाड़ राज चौधरी आदि कार्यकारिणी सदस्यों सहित लगभग 40 सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा सांगानेर के अध्यक्ष सुरेंद्र सौगानी मनीष पाटनी एवं प्रदीप वेद की भी गरिमामई उपस्थिति रही। कोषाध्यक्ष उर्मिला के अनुसार ग्रुप की संरक्षिका शशि सौगानी की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। शकुंतला बिंदायकया ने उपस्थित सभी सदस्यों पदाधिकारी गण का तन मन और धन से सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया।

# उपकार महोत्सव के समापन पर किया पुरस्कार वितरण, चार सौ बच्चो ने लिया शिक्षण शिविर में लिया भाग

## ग्रीष्म कालीन शिविरों का आयोजन होता रहे-एस पी विनीत कुमार

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा देशभर में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के महाप्रयाण पर मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से चल रहे उपकार महोत्सव के रूप में पिछले आठ दिनों से चल रहे संस्कार शिक्षण शिविर का समापन पुरूस्कार वितरण समारोह के साथ हो गया। समारोह के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन समाज उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई रोहित सिंघई दारा किया गया। इसके बाद श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठ शाला की बेटियों दारा संगीत के साथ मंगलाचरण की भव्य प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीयता की भावना पैदा करते हैं शिविर-एस पी विनीत कुमार इसके पहले विभिन्न प्रतियोगिताओ के पुरस्कार वितरण करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने कहा कि ग्रीष्म कालीन शिविरों में इतनी बड़ी संख्या में बच्चो के साथ माता बहनों की उपस्थिति बता रही हैं कि यहां अध्ययन अध्यापन कार्य बहुत ही सुन्दर तरीके से सम्पादित हुआ पढ़ाई वह भी धार्मिक और उसके साथ खेल आयोजकों ने अच्छा कोबीनेसन बनाया है जब भी समय मिलता है तो मैं भी मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की जिज्ञासा सुन लेता हूं जो वे राष्ट्रीय भक्ति जगाते हैं उसका क्या कहना उसकी झलक मुझे यहां देखने को मिल रही है। चार सौ से अधिक शिविरार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है।

## समय का सदुपयोग कर बच्चो को आगे बढ़ायें: विजय धुर्रा

समारोह में जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि जैसे ही मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज ने शिविर का आव्हान किया पंचायत कमेटी ने तुरंत निर्णय लिया और आज चार सौ से अधिक शिविरार्थियों का ये मेला लगा है। इस दौरान शास्त्र सजाओं प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को पुरस्कृत प्रदान किये गये। इस दौरान पंडित संजीव शास्त्री ने कहा कि जिस उत्साह से उमेश ने काम किया है ऐसे ही आप सब लोग जुट जाते तो यहां दो हजार शिविरार्थियों होते विजय धुर्रा और पूरी टीम मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के चातुर्मास हेतु लगी है नहीं तो ये सबसे आगे होते। आप चातुर्मास की भावना बनाये फिर तो आयोजन ही आयोजन होंगे।

## एस पी सहाब व विद्वानों का सम्मान किया

इस दौरान ए पी विनीत कुमार जैन एवं जयपुर श्रमण संस्कृति संस्थान से संजीव शास्त्री अक्षत शास्त्री शुभम शास्त्री आधीश



शास्त्री मनीष भइया प्रदुम्न भइया का सम्मान कमेटी के उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई संयोजक उमेश सिघई ने किया रोहित सिंघई शुभम कासंल महेश घमंडी पवन वर्तन मनोज भैसरवास के टी जे की अखाई सहित अन्य प्रमुख जनो ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

## शिविर में सर्वोच्च अंकों वाले शिविरार्थियों को किया सम्मानित

शिविर में सर्वोच्च अंकों वाले शिविरार्थियों को सम्मानित किया गया जिसमें रत्नकरण्डक श्रावकचार में प्रथम स्थान श्री मति शैलजा खैरा भक्तामर स्तोत्र में प्रथम स्थान की जीविका जैन को इष्टोदेशजी में प्रथम स्थान श्री मति सुरभि जैन को द्रव्य संग्रह में प्रथम स्थान श्री मति आशा जैन को तत्त्वार्थसूत्र में प्रथम स्थान श्री मति संध्या सिंघई छहडाला में प्रथम स्थान की सिद्धि जैन वालवोध नमित जैन को जिनका सम्मान कमेटी द्वारा किया गया।

# जयपुर रनर्स क्लब की तीसरी कार्यकारिणी का गठन, प्रवीण तिजारिया बनें अध्यक्ष

## गुलाबी नगरी में रनिंग कल्चर को बढ़ावा देने में सराहनीय भूमिका निभा रहा है जयपुर रनर्स क्लब




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

' मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर, लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया।' कुछ ऐसी ही कहानी रही जयपुर रनर्स क्लब की, जिन्होंने जयपुर के लोगों को रेगुलर रनिंग करना सिखाया। 2011 में मुकेश मिश्रा और रवि गोयंका सहित केवल दो लोगों से जयपुर रनर्स की शुरूआत हुई। अब तक इस परिवार में 1100 लोग जुड़ चुके हैं। जयपुर रनर्स क्लब ने गुलाबी नगरी के लोगों को रनिंग कल्चर दिया है और हेल्थ के प्रति जागरूक रहने का संदेश लगातार देता रहा है। बुधवार को जयपुर रनर्स क्लब की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें प्रवीण तिजारिया को संगठन का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हेल्थ अवेयरनेस के लिए जयपुर शहर में 10 जोन बनाए गए हैं और 25 से अधिक जोनल डायरेक्टर बनाए गए हैं।

### सांसद मंजू शर्मा और डिप्टी मेयर ने की शिरकत

एमआई रोड स्थित एक होटल में हुए इस कार्यक्रम में जयपुर रनर्स क्लब की नयी कार्यकारिणी एवं जोनल डायरेक्टर्स ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण ली। यह कार्यकारिणी साल 2024-26 के लिए बनायी गयी है। इस मौके पर जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर पुनित कर्णावत, समाजसेवी पंडित सुरेश मिश्रा, खफ्त की पूर्व अध्यक्ष डॉ.साधना आर्य, जयपुर रनर्स के फाउंडर रवि गोयंका एवं मुकेश मिश्रा सहित कार्यकारिणी के अधिकारी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। सांसद मंजू शर्मा और डिप्टी मेयर पुनित कर्णावत ने शहर में रनिंग कल्चर को बढ़ावा देने के साथ साथ स्वच्छता का संदेश देने की भी बात कही।

### 10 जोन में 25 से ज्यादा जोनल डायरेक्टर

नयी कार्यकारिणी में प्रवीण तिजारिया को अध्यक्ष, दीपक शर्मा को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एंड एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट, निपुन वाधवा को जनरल सेक्रेटरी, राजेश चौधरी एवं नितिन गुप्ता को वाइस प्रेसिडेंट, भावना पारीक को जॉइंट सेक्रेटरी और आस्था पारीक को कोषाध्यक्ष बनाया है। बतौर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर किरणजीत, सुशील कुलहरी, विकास जैन, अभिषेक मिश्रा, इरफान खान, अंशुल जैन, मोनिका चौधरी, सुयोग काबरा, ऋषभ दुग्गर, अंकित तिवारी और सचिन भाटिया को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। इनके अलावा जवाहर सर्किल जोन से विष्णु टांक, दिनेश चौधरी, नितिका चौधरी, पूजा भार्गव, रितिका चौधरी व प्रदीप यादव को जोनल डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसी तरह से मानसरोवर जोन से रेखा विजय, राकेश विजय, सुनिल गौर, उमेश सैनी व अंकित गुप्ता, सेंट्रल पार्क से दिनेश सोनी, दिनेश भगनानी, स्मिथ व निशांत स्वामी, विद्याधर नगर से आशीष गुप्ता, रुपेंद्र गुप्ता व राजेश शर्मा, जल महल से कमल कट्टा, सरोज शर्मा व गौतम कपूर, महेश नगर से डॉ.सतीश गुप्ता व रचना विजय, श्याम नगर से नरेंद्र कुशवाहा व सुधा खंडेलवाल, जगतपुरा से रोहन मिश्रा, वैशाली नगर से राजेश कुमार व प्रवीण मक्कड़ और कालवाड़ जोन से रेणुका जोशी व पूजा शर्मा को जोनल डायरेक्टर बनाया गया है।

### नए सदस्यों को दिए टीशर्ट-बैज

कार्यक्रम में जयपुर रनिंग क्लब के सभी नए सदस्यों को टीशर्ट और बैज भी दिए गए। सभी ने रोजाना रनिंग करने और शहरवासियों को भी रनिंग के लिए अवेयर करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रीमियम मेंबर्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर मेहता ने किया पोस्टर का विमोचन कहा रक्तदान सर्वोपरि




**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के उपलक्ष में स्थानीय आरसीएम उद्योग समूह द्वारा स्वरूपगंज स्थित आरसीएम वर्ल्ड, ग्रोथ सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भीलवाड़ा कलेक्टर नमित मेहता द्वारा रक्त दान को प्रोत्साहित करने और रक्तदाताओं का धन्यवाद करने हेतु पोस्टर का विमोचन किया गया। उन्होंने स्थानीय लोगों से आवाहन किया गया कि वे अधिकाधिक संख्या में इस शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें और जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवा कर जीवन बचाने का पुण्य कार्य करें। आरसीएम के सत्यम शर्मा ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हमें वर्षों से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को धन्यवाद करने और उनके प्रति हमारी श्रद्धा व सम्मान व्यक्त करने का मौका मिलता है। पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर नमित मेहता ने किया। इस अवसर पर रक्तवीर विक्रम दाधीच के साथ आरसीएम से महेश चंद्र नवहाल, सत्यम शर्मा , संजय मौड़ , राघव राजस्थला सहित अन्य रक्तदाता उपस्थित थे। इस अवसर पर आरसीएम सीएसआर प्रबंधक संजय मौड़ ने बताया कि विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आरसीएम द्वारा 14 जून को आरसीएम परिसर रीको ग्रोथ स्वरूपगंज हमीरगढ़ में प्रातः 9:30 बजे से 1 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें स्थानीय समुदाय, आस पास की फैक्ट्री से रक्तदाता भाग लेंगे। रक्तदान शिविर का शुभारंभ हमीरगढ़ एसडीम (उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट) नेहा छीपा आरएएस द्वारा किया जाएगा। महेश नवहाल बताया कि शिविर भीलवाड़ा के रक्तवीर विक्रम दाधीच के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिन्होंने अब तक 105 बार रक्तदान किया है। विश्व रक्तदाता दिवस से एक दिवस पूर्व गुरुवार को महात्मा गाँधी चिकित्सालय ब्लड बैंक मे विश्व रक्तदाता दिवस की प्रेरणा से स्वर्गीय अजय यादव की प्रथम पुण्य स्मृति मे 53 यूनिट रक्तदान कर मानव धर्म निभाया। सर्वप्रथम पंडित आशुतोष शर्मा रक्तवीर विक्रम दाधीच, सुशीला यादव विजय यादव ने पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। रक्तदाताओं मे प्रमुख नारी शक्ति नेहा यादव और शक्ति में प्रमुख नितीश शर्मा, मोनू माली, कान्हा यादव, सुमेर सिंह, सूरज माली, राजू सालवी, मुरली यादव, सोनू माली सोनू पांचाल ने उत्साह से रक्तदान किया। मुरलीधर लढा, आशित, राकेश, लखन अरुण यादव ने रक्तवीरो को मोतियों के हार पहना कर स्वागत किया

# मुनि समत्व सागर जी व मुनि शील सागर जी का सांगानेर में मंगल प्रवेश 17 जून को




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के परम प्रभावी शिष्य मुनि समत्व सागर जी व मुनि शील सागर जी का जयपुर की धरा पर मंगल प्रवेश 17 जून को चोमू बाग जैन मंदिर, सांगानेर में होगा।